मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी–मार्च, 2003 सत्र

दैनिक कार्य सूची

शुक्रवार, दिनांक 28 फरवरी, 2003 (फाल्गुन 9, 1924)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन उल्लेख

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख :-

(1) पण्डित ब्रजनारायण ब्रजेश, भूतपूर्व संसद सदस्य ; तथा
(2) श्री बालकृष्ण शर्मा, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा.

2. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री मुंशीलाल, मुन्ना सिंह, सदस्य, शिवपुरी जिले के ग्राम बिजरी के दो कृषकों का अपहरण किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री लालसिंह, सदस्य, भिण्ड जिले के गोहद क्षेत्र में फ्लोराइडयुक्त पानी के कारण पेयजल संकट होने की ओर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) श्री नरोत्तम मिश्रा, डॉ. सीतासरन शर्मा, सदस्य, भोपाल के जहांगीराबाद में दीवार ढहने से एक श्रमिक की मौत होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) श्री शिवमोहन सिंह, सदस्य, सतना जिले के न्यू देवराज नगर स्थित बचत बैंक द्वारा हितग्राहियों की जमा मुआवजा राशि न दिये जाने की ओर सहकारिता मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

निर्धारित समय

4. अशासकीय संकल्प

(1) डॉ. सीतासरन शर्मा, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे –

50 मि. "सदन का यह मत है कि प्रदेश में संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना की जावे".

(2) श्रीमती सुधा जैन, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगी –

50 मि. "सदन का यह मत है कि प्रदेश में भिक्षावृत्ति की प्रवृत्ति को रोकने के लिए शासन द्वारा भिक्षुगृहों का निर्माण कर भिखारियों का सामाजिक उन्नयन किया जाये".

(3) सर्वश्री रतन सिंह भाबर, डॉ. सीतासरन शर्मा, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे –

50 मि. "सदन का यह मत है कि प्रदेश में कीर, मीना एवं पारधी जाति को पूर्व की भांति अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जावे".

भोपाल :
दिनांक : 27 फरवरी, 2003

डॉ.ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.